(701)

दिनांक 01/04/2022 को निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र बनमनखी, पूर्णिया चीनी मिल के भूमि पर चहारदीवारी, गेट एवं गार्ड रूम के निर्माण कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

सदस्य उपस्थित :–

I. निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आई0डी0ए0, पटना
II. वरीय वित्त पदाधिकारी, आई0डी0ए0, पटना
III. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–1), आई0डी0ए0, पटना
IV. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–2), आई0डी0ए0, पटना
V. कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0), आई0डी0ए0, पटना

1. योजना का नाम : औद्योगिक क्षेत्र बनमनखी, पूर्णिया चीनी मिल के भूमि पर चहारदीवारी, गेट एवं गार्ड रूम के निर्माण कार्य
2. योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि : रु0 5,50,60,418.00 मात्र
   बियाडा का ज्ञापांक 278/Engg. दिनांक 27.01.2022
3. योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि : रु0 6,57,28,503.00 मात्र
4. परिमाण विपत्र की कुल राशि : रु0 6,17,25,594.00 मात्र
5. निविदा सूचना संख्या : 04/TEN/IDA/22
6. निविदा आमंत्रण की तिथि : 27.01.2022
7. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : 25.02.2022
8. तकनीकी बीड खोलने की अंतिम तिथि : 26.02.2022
9. निविदा प्रसारण का माध्यम : ई–निविदा एवं विभिन्न सामाचार पत्र
10. प्रकाषन का पी0आर0 सं0 : 12422 (Ni.Ni) 2021-22
11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :–
    1. Pratyaksha Construction Pvt. Ltd.
       R. N. College Road, Vir Shailesh Chowk, Near Pokhra, Hajipur, Vaishali – 844101.
    2. M/s Kundan Kumar
       Ramdayalu Nagar, Muzaffarpur.
    3. Dilip Kumar Yadav
       At – Parmanandpur, P.S. - Srinagar, Dist. – Mahepura.
    4. M/s Aurick Construxive
       Flat No. 205A, Sitaram Ganpati Apartment, Near SBI, Rajbanshi Nagar, New Punaichak, Patna-800015.

निविदा समिति की कार्यवाही –

प्रथम बार निविदा (NIT – 04/TEN/IDA/22 दिनांक– 27.01.2022) के माध्यम से की गई, जिसमें 04 निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा चारों निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया। जांचोपरांत निम्न तथ्य पाया गया –

1. **निविदादाता Pratyaksha Construction Pvt. Ltd., Vaishali –**

Technical Bid Sheet की कंडिका 11 के तहत मांगे गये Bid Capacity कम से कम BOQ की राशि रु0 6,17,25,594.00 मात्र का होना चाहिए, किन्तु निविदादाता द्वारा निविदा में अपलोड किये गये कागजात के अनुसार Bid Capacity की राशि रु0 4,26,84,533.27 मात्र का है, जो इस निविदा के लिये अमान्य है।

प्राधिकार का पत्रांक 926/PDA दिनांक 30.03.2022 के द्वारा तकनीकी बीड में उक्त कारण से असफल होने की सूचना निविदादाता को दी गई, जिस पर 02 दिनों के अंदर उनका पक्ष मांगा गया, जिसपर निविदादाता का पत्रांक शून्य दिनांक 01.04.2022 के द्वारा बताया गया कि निविदा में अपलोड किये गये Existing Commitments and Ongoing Works में दो कार्य यथा –

1. बियाडा, पटना द्वारा औद्योगिक क्षेत्र दोनार, दरभंगा में चहारदीवारी निर्माण कार्य से संबंधित है – तकनीकी समस्या के कारण उक्त कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं कार्यपालक अभियंता, बियाडा को कार्य बंद करने हेतु पत्र दिया गया है, इसलिए उक्त बचे हुये कार्य की राशि रु0 1,97,96,340.00 मात्र को Bid Capacity में नहीं जोड़ा जाय।

जारी .....

2. BMSICL के द्वारा रु0 19,75,64,728.00 मात्र का कार्य आवंटित किया गया है, जिसे Existing Commitments and Ongoing Works में दिखाया गया है। उक्त कार्य में लगभग दो करोड़ रुपये का भुगतान प्रक्रियाधीन है। अतः दोनों कार्यों का उपर्युक्त का ध्यान रखते हुये Bid Capacity की गणना की जाय।

अतः उक्त के आलोक में निविदादाता द्वारा दिये गये जवाब के अनुसार निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा के समय अपलोड किये गये कागजात के अनुसार गणना करने का निर्णय लिया गया, जिसके आलोक में निविदादाता का Bid Capacity मांगे गये Bid Capacity से कम है। अतः NIT, Technical Bid Sheet एवं S.B.D के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करता है, जिस कारण ये तकनीकी बीड में असफल पाये गये हैं।

2. <u>निविदादाता M/s Kundan Kumar, Muzaffarpur –</u>

NIT, Technical Bid Sheet एवं SBD के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करता है।

3. <u>निविदादाता Dililp Kumar Yadav, Madhepura –</u>

NIT, Technical Bid Sheet एवं SBD के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करता है।

4. <u>निविदादाता M/s Aurick Construxive, Patna –</u>

Technical Bid Sheet की कंडिका 14 के तहत शपथ–पत्र जो निविदादाता द्वारा अपलोड किया गया है, वह File Corrupt है, जिस कारण डाउनलोड नहीं हो पाया एवं अभिलेख का जांच नहीं किया गया।

प्राधिकार का पत्रांक 927/PDA दिनांक 30.03.2022 के द्वारा तकनीकी बीड में उक्त कारण से असफल होने की सूचना निविदादाता को दी गई, जिस पर 02 दिनों के अंदर उनका पक्ष मांगा गया, जिसपर निविदादाता का पत्रांक Aurick/78/21-22 दिनांक 30.03.2022 के द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया कि अपलोडेड File Corrupt हो जाने के कारण डाउनलोड नहीं हो पाया, परन्तु Affidavit का मूल प्रति प्राधिकार में दिनांक 26.02.2022 को जमा किया गया है।

चूँकि यह निविदा ई–निविदा के माध्यम से निष्पादन किया जाता है एवं ई–निविदा में Portal पर Upload किये गये अभिलेखों के अनुसार ही निविदा का निष्पादन किया जाता है। File Corrupt होने के कारण अभिलेखों का जांच संभव नहीं हो सका। अतः उक्त के आलोक में NIT की कंडिका 15 के तहत अपलोड किये गये कागजातों की डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में उस कागजात पर विचार नहीं किया जायेगा। इस प्रकार निविदादाता NIT, Technical Bid Sheet एवं S.B.D के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करता है, जिस कारण ये तकनीकी बीड में असफल पाये गये हैं।

अतः इस निविदा में सम्मिलित 04 निविदादाताओं में से 02 निविदादाता M/s Kundan Kumar (Muzaffarpur) एवं Dilip Kumar Yadav (Madhepura) को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया एवं शेष 02 निविदादाता Pratyaksha Construction Pvt. Ltd. (Vaishali) एवं M/s Aurick Construxive (Patna) को तकनीकी बीड में Non-Responsive पाया गया है।

<u>निविदा समिति की अनुशंसा</u> –

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Responsive 02 निविदादाताओं M/s Kundan Kumar (Muzaffarpur) एवं Dilip Kumar Yadav (Madhepura) को तकनीकी बीड में सफल मानती है। शेष 02 निविदादाता Pratyaksha Construction Pvt. Ltd. (Vaishali) एवं M/s Aurick Construxive (Patna) को तकनीकी बीड में असफल मानती है। निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 07 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की आपति प्राप्त होने पर निविदा समिति बैठक कर आपति का निस्तार करेगी, यदि किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में वित्तीय बीड खोलकर निविदा की अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01.4.22 | 01.04.22 | 01.4.22 | | 01.4.22 |
| कार्यपालक अभियंता<br>(पी0डी0ए0)<br>आई0डी0ए0, पटना | कार्यपालक अभियंता<br>(तकनीकी–1)<br>आई0डी0ए0, पटना | कार्यपालक अभियंता<br>(तकनीकी–2)<br>आई0डी0ए0, पटना | वरीय वित्त पदाधिकारी<br>आई0डी0ए0, पटना | निदेशक<br>(कार्यक्रम कार्यान्वयन)<br>आई0डी0ए0, पटना |